महत्वपूर्ण एवं खास

मतदाता सूची के मुद्रण हेतु 27 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 हेतु रायगढ़ जिले के सभी विधानसभा के मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची का मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म 500 रुपये जमा कर कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 में अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2022 को दोपहर 1 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में पूर्ण रूप से भरी निविदा कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 23 में 27 अक्टूबर 2022 को दोपहर 2 बजे तक जमा की जाएगी और उस दिन अपरान्ह 3 बजे कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जिले में 1205.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 4 अक्टूबर तक 1205.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1441.5 मिली मीटर, पुसौर में 1507.3, खरसिया में 1187, सारंगढ़ में 1362.4, बरमकेला में 1082.4, घरघोड़ा में 938.5, तमनार में 1243.4, लैलूंगा में 1232.7, धरमजयगढ़ में 1127.8, सरिया में 1125.4 एवं छाल में 1012.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

गेस्ट लेक्चरर के लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। रायगढ़ नोडल अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में नवीन व्यवस्थों में प्रशिक्षण दिए जाने हेतु मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर)के लिए 10 अक्टूबर 2022 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 वीं के दो रिक्त सीटों के लिए 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9 वीं के 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु चयन परीक्षा के माध्यम से पूर्ण किया जाना है। जिस हेतु आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2022 निर्धारित की गयी है। परीक्षा तिथि 11 फरवरी 2023 है। रायगढ़ जिले के शासकीय/शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2022-23 में कक्षा 8 वीं की परीक्षा में सम्मिलित/उत्तीर्ण छात्र प्रवेश परीक्षा में बैठने के पात्र है। इसके लिए छात्र की जन्म तिथि 01.05.2008 से 30.04.2010 दोनों दिन मिलाकार के मध्य होनी चाहिए। इस परीक्षा के लिए सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के साथ अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार भी पात्र होंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट www.navodaya.gov.in एवं विद्यालय के वेबसाईट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/RAIGARH/en/home में देख सकते है।

लैलूंगा के ग्राम चिराईखार में पत्नी की हत्या कर परिवारजनों के साथ शव खेत में किया दफन

- पत्नीहंता के साथ शव को दफन कराने में सहयोगी रहे 6 आरोपी साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार
- लैलूंगा पुलिस की सक्रियता से महिला की संदिग्ध मौत का हुआ खुलासा
- आरोपी हत्या को दुर्घटना का स्वरूप देने का प्रयास कर ग्रामवासियों को किया भ्रमित

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं लैलूंगा थाने के सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके के नेतृत्व में लैलूंगा द्वारा ग्राम चिराईखार में पत्नी की हत्या कर अपने परिवारजनों के साथ शव को जमीदोंज करने वाले 7 आरोपियों को लैलूंगा पुलिस द्वारा हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 02.10.2022 के शाम थाना प्रभारी लैलूंगा को पुलिसिया सूत्रों से सूचना मिली कि ग्राम चिरईखार, लैलूंगा में इंदरसाय नाम का व्यक्ति उसकी पत्नी से मारपीट किया जिससे उसकी मृत्यु होने पर दफना दिया गया है। सूचना की तस्दीकी के लिए तत्काल प्रभारी थाना लैलूंगा प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके थाने के उप निरीक्षक बी.एस. पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम एवं स्टाफ के साथ स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम कोटवार से सम्पर्क कर जानकारी लिये जिसने गांव की शिवमती पति इन्दर साय उम्र 60 वर्ष सा. चिराईखार थाना लैलूंगा की आकस्मिक मृत्यु की पुष्टि किया। कोटवार के रिपोर्ट/आकस्मिक मृत्यु की सूचना पर थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन चाक किया गया, दिनांक 02.10.2022 को सूर्यास्त होने से लैलूंगा पुलिस की टीम पूरी रात शव दफन वाले स्थान की सुरक्षा में लगी रही। दूसरे दिन दिनांक 03.10.2022 के सुबह तहसीलदार, बी.एम.ओ., मृतिका के ससुराल एवं गांववालों के समक्ष फोटोग्राफी/विडियोग्राफी के साथ विधिवत शव उत्खन्न, पोस्ट मार्टम कराया गया। डॉक्टर से शॉर्ट पी.एम रिपोर्ट प्राप्त किया गया, प्रकरण में प्रथम दृष्टिया महिला को आई चोट हत्यात्मक प्रवृति का परीलक्षित होने से संदेही मृतिका के पति इन्दर साय को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में इन्दर साय बताया कि दिनांक 27.09.2022 को अपने बच्चों के पास रायगढ़ चावल पहुंचाने गया था। दिनांक 30.09.2022 के शाम गांव लौटा, घर पहुंचकर पत्नी शिवमती को खाना बनाई हो पूछने पर नहीं बनाई हूं बोली, तब दोनों के बीच झगड़ा विवाद हुआ और झगड़ा विवाद के बीच घर में रखे लोहे के पाईप से शिवमती के चेहरे, सिर, माथा, कनपटी पर मारा जिससे वहीं पर शिवमती की मौत हो गई जिसके शव को घर के परछी में लिटाकर अपने छोटे भाई बालकृष्ण डोम को घटना बताया और दोनों हत्या की घटना को दुर्घटना बताते की योजना बनाये जिसके बाद इंदर साय अपने ससुराल बालकपोड़ी चला गया। दिनांक 01.10.2022 को इंदर साय को उसके भाई बालकृष्ण योजना मुताबिक ससुराल में शिवमती के शराब पीकर गिरने की बात बताकर वापस घर बुलाया, तब इंदर साय ससुरालवालों के साथ वापस घर आया। जिसके बाद अपने बेटे राजू डोम, नंदलाल डोम, गांव के मुख्य व्यक्ति निलकंठ डोम, मुनेश डोम, सुकुम डोम को बुलाकर दोनों भाई इंदर साय और बालकृष्ण सभी को शिवमती के साथ इंदर साय के झगड़ा-मारपीट से हुई मौत की घटना को बताये। उसके बाद सभी एक राय होकर गांव में शिवमती की गिरने से आये चोट से मौत हो की बात फैलाकर थाने में सूचना न देकर शव को गांव के टिकरा खेत, शमसान में लेकर दफना दिये। लैलूंगा पुलिस मर्ग जांच पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 290/2022 धारा 302, 201, 120-बी, 34 IPC का अपराध दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू की गई। आरोपी नंदलाल डोम, निलकंठ डोम, मुनेश डोम और सुकुम डोम गिरफ्तारी के भय से फरार है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी इंदर साय डोम, बालकृष्ण डोम और राजू डोम को हिरासत में लिया गया है, शेष आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। आरोपी इंदर साय के मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का पाईप एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त किये गये हैं। महिला की हत्या के शीघ्र पटापेक्ष में प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके थाना प्रभारी लैलूंगा, उप निरीक्षक बी.एस. पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम एवं हमराह स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है। **गिरफ्तार आरोपी-** (1) इंदर साय डोम पिता स्व. पवन डोम उम्र 65 वर्ष (2) बाल कृष्ण डोम पिता स्व. पवन डोम 52 वर्ष (3) राजू डोम पिता इंदर साय डोम उम्र 47 वर्ष सभी निवासी ग्राम चिराईखार थाना लैलूंगा।

ठग ने पेंशनर के मोबाइल पर डाउनलोड कराया ऐप और खाते से निकाल लिया 73 हजार रुपए

रायगढ़। मालीडीपा रोड बोइरदादर में रहने वाले सुनील रंजन सरकार पिता स्व. अनंत सरकार उम 71 वर्ष द्वारा दिनांक 03.10.2022 को थाना चक्रधरनगर में ऑनलाइन धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

पीड़ित बताया कि एसबीआई का पेंशनर है, दिनांक 06.09.2022 की रात करीब 9.30 बजे मोबाइल पर एक नये नम्बर 810050XXXX से मैसेज आया कि घर की बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा तथा बिजली कनेक्शन न कटे इसलिए मांबाइल नं . 810050XXXX पर संपर्क करें। जिसके बाद बिजली विभाग से संपर्क कर यह कंफार्म किया बिजली बिल जमा हुआ है या नहीं। तब बिजली विभाग ने बताया कि बिजली बिल जमा हो गया है। कुछ देर बाद उसी नंबर 810050XXXX से कॉल आया , कॉलर बिजली बिल के संबंध में मोबाइल में ऐप अपडेट करने बोला जिसे सुनील रंजन अपडेट आप करिये क्योंकि यह आपके विभाग का काम है। तब कॉलर बोला कि बिजली बिल धारक को ही अपटेड करना पड़ता है कहकर धोखे से अपटेड करने का प्रोसेस बताते हुए प्ले स्टोर से Quick View App डाऊनलोड कराया और ऑनलाइन 1 /- रू . पेटीएम या गुगल पे से रूपये भेजने बोला जैसे ही सुनील रंजन 01 /- रूपये उसके मोबाइल नं0 पर PayTM किये उसके खाते से 48000 /- और दूसरी बार 25000/- रूपये कुल 73,000/- रूपये धोखे से डेबिट कर लिया। आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

23 नग ईमारती लकड़ियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

- पिकअप वाहन में कर रहा था वनोपज का अवैध परिवहन
- हाईवे पर वाहनों की जांच दौरान चिरान के अवैध परिवहन पर खरसिया पुलिस ने की कार्यवाही

रायगढ़। दिनांक 04.10.2022 के सुबह खरसिया थाना प्रभारी उप निरीक्षक नंदकिशोर गौतम हमराह स्टाफ के साथ ग्राम भ्रमण, हाईवे पर पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर रानीसागर- बसनाझर मार्ग पर वाहनों को चेक किया जा रहा था। तभी छाल की ओर से तेज गति से आ रहे एक सफेद रंग के पिकअप वाहन सीजी 11 ए.बी.-2897 को सावधानीपूर्वक मार्ग में रोककर थाना प्रभारी व स्टाफ द्वारा वाहन चालक को गतिसीमा में वाहन चलाने की समझाइश देकर पूछताछ किये जो वाहन में सब्जियां होना तथा रास्ता भटक जाना बताया। पुलिस स्टाफ द्वारा तिरपाल से ढके वाहन के डाला को चेक किये तो डाला में ईमारती/वनोपज लकड़ियां भरा हुआ था। चालक से ईमारती लकड़ियों के परिवहन के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया वाहन में छिपाकर रखे हुए 23 नग ईमारती/वनोपज लकड़ियों तथा वाहन को थाने लाया गया। वाहन चालक लक्ष्मी नारायण यादव पिता एजराम यादव उम्र 38 वर्ष निवासी कलमी थाना मालखरौदा जिला सक्ती द्वारा ईमारती/वनोपज लकड़ियां का अवैध परिवहन पर *धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर खरसिया पुलिस द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी खरसिया को सूचना देकर अग्रिम कार्यवाही हेतु ईमारती/वनोपज लकड़ियां मय वाहन सुपुर्द किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम, के हमराह आरक्षक विशोप सिंह, मुकेश यादव और सत्यनारायण सिदार शामिल थे।

ऑनलाइन सट्टा पर धरमजयगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाई : दुर्गापुर कॉलोनी पर 5 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों के बैंक खाते कराया गया होल्ड

- 2 लैपटॉप, 7 मोबाइल और नकदी समेत 3 लाख रुपए से अधिक की सम्पत्ति जब्त

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर लगातार जिले में जुआ-सट्टा अवैध शराब पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी क्रम में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में दुर्गापुर कालोनी में ऑनलाइन सट्टा खिलाये जाने की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया जिसमें पुलिस टीम को के हाथ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर सट्टा खिला रहे 5 सटोरियों के मोबाइल, लैपटाप, सट्टे में लगी रकम की जप्ती कर आरोपियों के लेने हुये बैंक खातों को होल्ड कराया गया है। एसपी मीणा के निर्देशन पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा ऑनलाइन सट्टा से जुड़े अन्य लोगों के लिंक तलाश रहे है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 03.10.2022 के दोपहर देहात भ्रमण दौरान थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा को मुखबिर से सूचना मिला कि दुर्गापुर कालोनी सूरज हलदार के घर में ऑनलाईन सट्टा जुआ खेलाया जा रहा है कि सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी स्टाफ के साथ मौके की घेराबंदी कर रेड किये। मकान के अन्दर पांच व्यक्ति मिले जिनका नाम पता पूछने पर जिन्होंने अपना नाम क्रमश: 01.यश साहू पिता भागवत साहू उम्र 20 साल साकिन शक्ति चौक बांकीमोंगरा थाना बांकीमोंगरा जिला कोरबा, 02.सूरज कुमार पिता रामेन हलदार उम्र 21 वर्ष साकिन दुर्गापुर कलोनी थाना धरमजयगढ जिला रायगढ, 03.केदार चंद्र चंद्रवंशी पिता कुमार चंद्रवंशी उम्र 25 वर्ष साकिन रामनगर कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम, 04. आकाश राय पिता बादल राय उम्र 21 वर्ष साकिन दुर्गापुर कलोनी थाना धरमजयग जिला रायग छ.ग., 05. राजकुमार ठाकुर पिता लक्ष्मी ठाकुर उम्र 25 वर्ष साकिन शहीदगंज थाना भवानीपुर जिला पूर्णियां (बिहार) का रहने वाला बताये तथा उनकी गतिविधियों के संबंध में कड़ी पूछताछ पर ऑनलाईन सट्टा गेम साइट/लिंक में आई.डी. जनरेट कर रूपये पैसे का दांव लगाकर ऑनलाईन सट्टा जुआ खेलाना बताये। आरोपियों के मोबाइल में लाखों रूपये के ऑनलाईन ट्रांजेक्शन मैसेज पाया गया जिस पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलाने में प्रयुक्त सामाग्री 02 लैपटॉप, 7 विभिन्न कम्पनी मोबाइल (4-वन प्लस, 1-रियल मी, 1-रेडमी, 1-पोको कम्पनी), नकद रूपये 1,000 रूपये, 02 नग वाईफाई कनेक्टर एयरटेल कम्पनी तथा 02 नग 8 जीबी का पेन डाईव कुल मशरूका 3,07,000 रूपये का जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना धरमजयगढ़ में धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा के हमराह रेड कार्रवाई में किशोर राठौर, धनेश्वर उरांव, पुष्पेन्द्र कुमार सिदार शामिल थे।

जूटमिल पुलिस ने लौटाया महिला का गुम हुआ पर्स

रायगढ़। दिनांक 04.10.2022 को मिनीमाता चौक जूटमिल में रहने वाली सुनीता लहरे पति अनूप लहरे पुलिस चौकी जूटमिल आकर सूचना दी कि वह सारंगढ़ बस से वापस अपने घर आ रही थी, इस दौरान उसका पर्स व मोबाइल कहीं गुम गया है। सूचना पर चौकी प्रभारी/साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कम किशोर किशोर पटेल द्वारा महिला के गुम हुए मोबाइल को ट्रेस कराये और अपने स्टाफ को लोकेशन पर जाकर खोजबिन करने निर्देशित किये। तत्काल चौकी से प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी और महिला आरक्षक कौशल्या पटेल गुम मोबाइल खोजबिन करते हुए लोकेशन पर पहुंचे, रास्ते में जमीन पर मोबाइल गिरा हुआ पड़ा मिला जिसे चौकी लाकर महिला को सूचना दिये जो चौकी आकर अपना मोबाइल, पर्स चेक की, सारा सामान और पैसे सुरक्षित अवस्था में थे, महिला के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रहा था। महिला सुनीता लहरे चौकी के पुलिसकर्मियों के सहज स्वभाव और ईमानदारी की प्रशंसा कर स्टाफ को धन्यवाद देकर चौकी से रुख़सत हुई।

मारुकी में अज्ञात बीमारी से 8 लोगों की हुई मौत

सुकमा (आरएनएस)। जिले के गादीरास तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मारुकी में अज्ञात बिमारी से एक नवजात बच्चे सहित 08 लोगों की मौत से भय का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत के खासपारा में ही 06 लोगों की मौत हुई है, गादेमपारा और डय़यापारा में 01-01 की मौत हो हुई है, इसके अलावा गांव में कई लोग और भी बीमार हैं। ग्राम पंचायत मारुकी में 19 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक की अवधि में 08 लोगों की मौत सिरदर्द, बुखार व पैरों में सूजन की वजह से बीमार पडऩे के 03-04 दिन के अंदर हो गई है, गांव के ज़्यादातर लोग झाड़-फूंक के सहारे अपना इलाज करवा रहे थे, वहीं इनमें से एक महिला की मौत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन लोगों की मौत हुई है, इनमें ग्राम पंचायत मारुकी के ध्रुवा मड़ावी 60 वर्ष की मौत 19 सितंबर को, जोगी मांडवी 35 वर्ष की मौत 24 सितंबर को, नुप्पो आयतु 40 वर्ष व मडक़ामी रामा के नवजात बच्चे की मौत 28 सितंबर को, मडक़ामी हिड़मे 55 वर्ष की मौत 30 सितंबर को, मडक़ामी जोगा 35 वर्ष की मौत 01 अक्टूबर को हुई है। वही पंचायत के आश्रित ग्राम डय़यापारा व गादेमपारा में भी 01-01 ग्रामीण की मौत हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि डय़यापारा की महिला हिड़मे को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इस इलाके के ग्रामीण आज भी झाड़-फूंक से अपना इलाज कराने एवं लंबे समय तक इन बीमारियों का इलाज नही हो पाने की वजह से असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। अस्पताल यहां से करीब 12 से 15 किमी दूर है, अंदरूनी नक्सल प्रभावित इलाका होने की वजह से आवागमन के संसाधन भी नहीं है, जिसकी वजह से ग्रामीण अस्पताल तक नहीं पहुंचते हैं।

ग्राम पंचायत मारुकी के सरपंच सविन मरकाम केअनुसार उनके गांव में 02 सप्ताह के अंदर करीब 08 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के खासपारा में ही 06 लोगों की कुछ दिनों के अंतराल में मौत हो चुकी है, 28 सितंबर को एक ही दिन 02 सप्ताह की नवजात बच्चे के साथ 02 लोगों की मौत हुई है। इसलिए हम लोग जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए, सभी बीमार लोगों का तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके।

सीएमएचओ यशवंत ध्रुव ने बताया कि मारुकी में स्वास्थ्य अमले की टीम भेजकर यहां की स्थिति के बारे में जानकारी ली जाएगी और बीमार लोगों के लिए मेडिकल कैंप लगाकर इलाज करवाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में सबसे कम बेरोजगारी : रोजगार देने के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

- छत्तीसगढ़ में सितंबर में बेरोजगारी दर महज 0.1 फीसदी
- देश में 6.43 फीसदी रहा बेरोजगारी का आंकड़ा
- 0 राज्य की नीतियों की वजह से मिली बड़ी उपलब्धि

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य के 99.90 फीसद लोग किसी न किसी रोजगार से जुड़कर आजीविका हासिल कर रहे हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से यह साबित हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य में सितंबर बेरोजगारी दर अब तक अपने न्यूनतम स्तर 0.1 प्रतिशत है। देश में सबसे कम बेरोजगारी दर के मामले में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर है।

बीते दिनों सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार सितम्बर माह में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 0.1 फीसदी दर्ज की गई है, जबकि सितंबर माह में देश में बेरोजगारी दर का यह आंकड़ा 6.43 फीसदी रहा है। देश के शहरी क्षेत्रों में 7.70 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों सितंबर माह में बेरोजगारी का आंकड़ा 5.84 फीसद रहा है। न्यूनतम बेरोजगारी दर के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य को मिली इस उपलब्धि के पीछे वजह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में रोजगार के नए अवसरों के सृजन के लिए बनाई गई योजना और नीतियां रही हैं। छत्तीसगढ़ में बीते पौने चार साल के भीतर अनेक ऐसे नवाचार हुए हैं, जिनसे शहर से लेकर गांव तक हर हाथ को काम मिला है।

सीएमआईई द्वारा 1 अक्टूबर 2022 को बेरोजगारी दर के संबंध में जारी रिपोर्ट के मुताबिक सितम्बर 2022 में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में 0.1 फीसदी के साथ छत्तीसगढ़ शीर्ष पर है। वहीं इसी अवधि में 0.4 फीसदी के साथ असम दूसरे स्थान पर है। उत्तराखंड 0.5 फीसदी बेरोजगारी दर के साथ तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में यह आंकड़ा 0.9 प्रतिशत है और गुजरात में यह आंकड़ा 1.6 प्रतिशत रहा है। दूसरी ओर सर्वाधिक सितम्बर 2022 में सर्वाधिक बेरोजगारी दर के मामले में राजस्थान शीर्ष पर है, जहां 23.8 फीसदी बेरोजगारी दर दर्ज की गई है। जम्मू एवं काश्मीर में 23.2 फीसदी और हरियाणा में 22.9 फीसदी बेरोजगारी दर बताई गई है। त्रिपुरा में 17.0 फीसदी और झारखंड में 12.2 फीसदी बेरोजगारी दर दर्ज की गई है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने समावेशी विकास के लक्ष्य के साथ काम करना शुरू किया। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना के साथ गांवों की आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में नवाचार किए गए। इसमें सुराजी गांव योजना के अंतर्गत नरवा-गरूवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम ने महती भूमिका निभाई तो दूसरी ओर गोधन न्याय योजना के साथ गौठानों को रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के तौर पर विकसित किया गया, जिससे गोबर बेचने से लेकर गोबर के उत्पाद बनाकर ग्रामीणों को रोजगार मिला। रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। 7 से बढ़ाकर 65 प्रकार के लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और इन लघु वनोपजों के प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन किया गया। इससे वनांचल में भी लोगों को रोजगार मिला। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में प्रयास हुए तो वहीं इस योजना के बाद उत्साहित किसानों की दिलचस्पी कृषि की ओर बढ़ी। राज्य में खेती का रकबा और उत्पादन बढ़ा। राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर योजना के तहत पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों को आर्थिक सहायता मिली। राज्य में नई उद्योग नीति लागू की गई, जिसमें अनेक वर्गों और विभिन्न क्षेत्रों में सब्सिडी के प्रावधान किए गए। इससे उद्यिता विकास को गति मिली।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480